संख्या- 14/2016 296/एक-5-2016-112/2015

प्रेषक,

गिरीश चन्द्र
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-5 **लखनऊ :: दिनांक 22 मार्च, 2016**

विषयः-जनपद चित्रकूट की नवसृजित तहसील राजापुर के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि क्रय किये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् का पत्रांक-3066/12-भवन-63/2015(अनावासीय), दिनांक 29 फरवरी, 2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जनपद चित्रकूट की नवसृजित तहसील राजापुर के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु खटवारा स्थित भूमि संख्या-410 मि0 क्षेत्रफल 0.596 भूमि का क्रय किये जाने हेतु निबंधन शुल्क के रूप में रू0 10040.00 (रूपये दस हजार चालीस रूपये मात्र) की धनराशि स्वीकृत किये जाने पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष सहमति प्रदान करते है:-

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि नियमानुसार आहरित कर जिलाधिकारी, चित्रकूट को तत्काल उपलब्ध करा दी जायेगी। स्वीकृति धनराशि का व्यय सुसंगत शासनादेशों के अनुसार समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए ही किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र जिलाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराने के उपरान्त शासन को यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए भूमि क्रय हेतु व्यय किया जायेगा।

(2) उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी, चित्रकूट का यह दायित्व होगा कि वे निर्गत की जा रही पूर्ण धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में इसी वित्तीय वर्ष में शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित करेंगे तथा इस धनराशि को जिले स्तर पर जिलाधिकारी के निवर्तन पर अधिक समय तक नहीं रखा जायेगा। इस धनराशि का भुगतान निर्धारित धाराओं की कार्यवाही के साथ नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-50 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-01-कार्यालय भवन-800-अन्य व्यय-21-प्रदेश के मण्डल/जनपद/तहसीलों के अनावासीय भवनों के चालू कार्यों एवं भूमि क्रय हेतु-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 के द्वारा दिये गये दिशानिर्देशों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(गिरीश चन्द)
अनु सचिव।

संख्या-296(1)/एक-5-2015-112/2015, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) कोषाधिकारी, लखनऊ।
(3) जिलाधिकारी, चित्रकूट।
(4) आयुक्त एवं निदेशक, भूमि अध्यासि निदेशालय, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) राजस्व अनुभाग-6
(8) गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(गिरीश चन्द)
अनु सचिव।

http//shasanadesh.up.nic.in